# सैंपल पेपर 2019-2020
## भूगोल सैद्धान्तिक (कक्षा 12)

निर्धारित समय - 3 घण्टे

अधिकतम अंक - 70

सामान्य निर्देश :

1. इस प्रश्न पत्र मे कुल 30 प्रश्न हैं जो चार खण्डो मे विभाजित हैं और सभी अनिवार्य है।
2. प्रश्न संख्या 1 से 18 तक बहुविकल्पीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है।
3. प्रश्न संख्या 19 से 22 तक लघुत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न तीन अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80-100 शब्दो से अधिक नहीं होना चाहिए।
4. प्रश्न संख्या 23 से 28 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 150 शब्दो से अधिक नहीं होना चाहिए।
5. प्रश्न संख्या 29 और 30 मानचित्र पर पहचान अथवा स्थानीकरण तथा भूगोलीय विशेषताओं से संबंधित है। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।
6. रेखा मानचित्रो के रेखांकन के लिए स्टेंसिल या टेम्पलेटस के उपयोग की अनुमति दी जाती है।
7. दिए गए विश्व और भारत के रेखा मानचित्रो को उत्तर पुस्तिका के साथ अवश्य संलग्न है।

Scanned by CamScanner

PART—A

प्र०1 – निम्नलिखित मे से कौन-सा एक मानव और पर्यावरण के बीच अन्योन्यक्रिया का सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारक है?

(i) मानव का अनुभव
(ii) मानव की बुद्धिमता
(iii) प्रौद्योगिकी
(iv) मानव कल्याण

प्र०2 विश्व के किस देश मे उच्चतम लिंगानुपात पाया जाता है?

(i) लैटविया
(ii) चीन
(iii) संयुक्त राज्य अमेरिका
(iv) बेलारूस

प्र०3- निम्नलिखित मे कौन-सा एक ऊर्जा का परंपरागत संसाधन नही है?

(i) कोयला
(ii) प्राकृतिक गैस
(iii) जैव भार
(iv) परमाणु ऊर्जा

प्र०4- प्रकार्य की दृष्टि से कौन-सा एक नगर/शहर शैक्षिक नगर मे शामिल नही है?

(i) पिलानी
(ii) वाराणसी
(iii) सेलम
(iv) इलाहबाद

Scanned by CamScanner

Q05 - निम्नलिखित मे से किस क्षेत्र मे धरातलीय और भौमजल ~~संसाधनों~~ का उपयोग सर्वाधिक होता है?

(i) औद्योगिक क्षेत्र
(ii) घरेलू सेक्टर
(iii) कृषि
(iv) इनमे से कोई नही

Q06 नीचे दिए गए आधारो मे से कौन-से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के आधार है?

(a) राष्ट्रीय संसाधनो मे भिन्नता
(b) जनसंख्या कारक
(c) आर्थिक विकास की प्रावस्था
(d) विदेशी निवेश की सीमा
(e) परिवहन

(i) केवल a, b और c
(ii) केवल c, d और e
(iii) उपर्युक्त सभी
(iv) कोई भी नही

Q07 निम्नलिखित में से मानव विकास रिपोर्ट का प्रकाशन कौन करता है?

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)
विश्व बैंक
वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (World Economic Forum)
संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)

Scanned by CamScanner

प्र०8 - निम्नलिखित कथनो पर विचार कीजिए -

1. भारत मे विकेंद्रीकृत नियोजन है।
2. भारत मे नियोजन का कार्य योजना आयोग को सौंपा गया था।
3. आठवीं योजना के देरी से शुरू होने का कारण पड़ोसी राज्यो से तनाव की स्थिति थी।

उपर्युक्त कथनो मे से कौन-सा सही है?

A. केवल 1
B. केवल 1 तथा 3
C. केवल 2
D. 1, 2, तथा 3

प्र०9 भारत के उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और गुजरात राज्यो मे लौह उद्योग के न होने का प्रमुख कारण है:

A. जनसंख्या घनत्व
B. कच्चा माल
C. बाजार
D. परिवहन

प्र०10 उत्तम आशा अंतरीप समुद्री मार्ग के संदर्भ मे कौन-सा एक कथन सही नही है?

(A) यह उत्तरी अमेरिका के पश्चिमी तट पर स्थित पत्तनो को एशिया के पत्तनो से जोड़ता है।
(B) यह पश्चिमी यूरोपीय और पश्चिमी अफ्रीकी देशो को ब्राजील, अर्जेंटीना और उरुग्वे से मिलाता है।
(C) इस मार्ग पर यातायात उत्तरी अटलांटिक मार्ग की तुलना मे बहुत कम है।
(D) उपरोक्त सभी

Scanned by CamScanner

प्र०11 - उचित मिलान कीजिए -

| भाग (क) | भाग (ख) |
| --- | --- |
| (a) गहन कृषि | (i) कोलखहोज |
| (b) रोपण कृषि | (ii) भूमध्य सागरीय क्षेत्र |
| (c) सामूहिक कृषि | (iii) ब्राजील के कॉफी के बागान |
| | (iv) मानसूनी एशिया |

उपर्युक्त मिलान के आधार पर सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

A. a (iii) b (ii) c (iv)

B. a (iv) b (iii) c (i)

C. a (i) b (ii) c (iii)

D. a (ii) b (iv) c (iii)

प्र०12 आप अपने क्षेत्र मे जल की गुणवत्ता को सुधारने मे किस प्रकार मदद कर सकते हैं?

प्र०13 निम्नलिखित मे कौन-सा एक तृतीयक सेक्टर का क्रियाकलाप नहीं है?

(i) व्यापार
(ii) मछली पकड़ना
(iii) दूरसंचार
(iv) बीमा

अथवा

निम्नलिखित मे से कौन-सा एक चतुर्थक क्रियाकलाप है?

(i) सूचना का संग्रहण
(ii) मौद्रिक बैंकिंग
(iii) मुद्रण मीडिया
(iv) इंटरनेट

Scanned by CamScanner

प्र०14- निम्नलिखित कथनो पर विचार कीजिए –

1. जनसंख्या वृद्धि केवल बढ़ती हुई जन्मदर से नही होती अपितु घटती हुई मृत्युदर से भी होती है।
2. अशोधित जन्मदर को किसी भी क्षेत्र विशेष में किसी वर्ष के दौरान प्रति हजार जनसंख्या के पीछे मृतको की संख्या के रूप मे अभिव्यक्त किया जाता है।

उपरोक्त कथनो मे से कौन-सा कथन सत्य नही है?

A. केवल 1
B. केवल 2.
C. 1 तथा 2 दोनो
D. न तो 1 और न ही 2

प्र०15 निम्नलिखित कथनो मे से कौन-सा कथन सत्य है?

1. पूंजी व परिवहन कुटीर उद्योग को अधिक प्रभावित करते है।
2. छोटे पैमाने के उद्योग विकासशील देशो की विशेषता है।
3. पत्तन नगरो ने भारत मे उद्योगो को आकर्षित किया है।

A. केवल 1
B. केवल 1 तथा 2
C. उपर्युक्त सभी
D. केवल 3

अथवा

________ अर्थव्यवस्था मे उत्पादन का स्वामित्व व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक दोनो होता है।

Scanned by CamScanner

प्र०16 - भारत मे अधिकतर विदेशी व्यापार किन मार्गों द्वारा संचालित होता है।

A. वायु मार्ग द्वारा

B. समुद्र एवं वायु मार्ग द्वारा

C. सड़क एवं समुद्र मार्ग द्वारा

D. सड़क एवं वायु मार्ग द्वारा

अथवा

भारत के विदेशी व्यापार के संबंध मे निम्नलिखित कथनो मे से कौन-सा सही है?

A. भारत मे निर्यात की तुलना मे मे आयात का मूल्य अधिक है।

B. भारत मे व्यापार घाटे में वृद्धि का कारण पेट्रोलियम का अत्यधिक आयात रहा है।

C. (A) तथा (B) दोनो

D. इनमें से कोई नही

प्र०17 जलवायु की प्रतिकूल स्थिति के बावजूद जनसंख्या अनुपात के बढ़ने के लिए मुख्य रूप से निम्नलिखित मे से कौन-सा। से कारण उत्तरदायी हैं?

1. सिंचाई साधनों का विकास
2. खनिज एवं ऊर्जा संसाधनो की उपलब्धता
3. परिवहन जाल का विकास

सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

A. केवल 1

B. केवल 3

C. केवल 1 और 2

D. 1, 2 और 3

Scanned by CamScanner

Q-18 – Full form of NHDP ____________

अथवा

निम्नलिखित में से किस सन्चार तंत्र का उपयोग ई-कॉमर्स तथा मौद्रिक लेन-देन के लिए अधिक किया जा रहा है?

A. टेलीफोन

B. इंटरनेट

C. ई मेल

D. टेलीविजन

Scanned by CamScanner

Part - B

प्र०19 - वर्षा जल संग्रहण ने किस प्रकार भारत के विभिन्न क्षेत्रों के विकास मे योगदान दिया है? उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

अथवा

जैव ऊर्जा, ऊर्जा का संभावित स्रोत है। भारत जैसे विकासशील देश मे यह ग्रामीण एवं शहरी जीवन को बेहतर बना सकता है। स्पष्ट कीजिए।

प्र०20 देश की प्रगति मे रेलवे का गहन योगदान है। स्पष्ट करे।

प्र० 21 शिक्षा व रोजगार के बढ़ते अवसरो ने किस प्रकार आयु व लिंगानुपात को प्रभावित किया है? स्पष्ट कीजिए।


अथवा

विकास एवं वृद्धि मे अन्तर स्पष्ट करो।

प्र० 22 - दिए गए मानचित्र का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नो के उत्तर लिखिए।

Scanned by CamScanner

प्र०




प्र० A - दिए गए मानचित्र मे दिखाए गए आन्तरिक जलमार्ग का नाम बताइए।

प्र० B - यह आन्तरिक जलमार्ग जिन देशों से गुजरता है, उनके विकास मे किस प्रकार वरदान सिद्ध हुआ है? स्पष्ट कीजिए।

Scanned by CamScanner

Part- C

प्र० 23 - लोग सामान्य रूप से अपने जन्म स्थान से भावनात्मक रूप से जुड़े होते हैं। किंतु लाखों लोग अपने जन्म स्थान और निवास को छोड़ देते हैं, इसके विविध कारण हो सकते हैं। पाँच कारकों की व्याख्या कीजिए।

5

प्र० 24 'अनियमित मानसून' तथा ऋणग्रस्तता भारतीय कृषि की दो प्रमुख समस्याएँ किस प्रकार हैं। उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

अथवा

आधुनिक समय मे विकास को सुनिश्चित करने के लिए जल का मूल्यांकन, जल का कार्यक्षम उपयोग और संरक्षण आवश्यक हो गया है। स्पष्ट कीजिए।

प्र० 25 विश्व मे जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले आर्थिक व सांस्कृतिक कारकों की व्याख्या कीजिए।

प्र० 26 आधुनिक बड़े पैमाने पर होने वाले विनिर्माण की प्रमुख विशेषताएँ बताइए।

प्र० 27 विकासशील देशों के पास संसाधनों की कमी नहीं है। इनके पास तकनीकी ज्ञान व आवश्यक पूंजी का अभाव है। क्या निर्बाध गति से आता विदेशी निवेश इनके पिछड़ेपन को दूर कर सकता है? स्पष्ट कीजिए।

अथवा

Scanned by CamScanner

वे कौन सी विधाएँ हैं जिनके द्वारा साइबर स्पेस मनुष्य के समकालीन, आर्थिक और सामाजिक स्पेस की वृद्धि करेगा।

प्र०28 भारत मे ग्रामीण बस्तियों के विभिन्न प्रकारो के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन भौतिक कारको को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

ऊर्जा के गैर परम्परागत साधनो को प्रोत्साहित करना क्यो आवश्यक है?

Part - D

प्र०29 भारत के दिए गए रेखा मानचित्र मे निम्नलिखित लक्षणो को उपयुक्त चिन्हो से दर्शाइये और उनके नाम लिखिये? (कोई पाँच)

(1) मध्य प्रदेश मे स्थित मैंगनीज की प्रमुख खान
(2) गुजरात मे स्थित प्रमुख तेल शोधन कारखाना
(3) आसाम मे स्थित अन्तर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन
(4) निम्नतम नगरीय जनसंख्या वाला राज्य
(5) एक प्रमुख कहवा उत्पादक राज्य
(6) पाराद्वीप समुद्री पत्तन
(7) कर्नाटक का एक प्रमुख इस्पात संयंत्र
(8) सूरत सूती वस्त्र उत्पादक क्षेत्र

प्र०30 संसार के दिए गए राजनीतिक रेखा मानचित्र मे दिखाए गए पाँच भौगोलिक लक्षण ~~के~~ को पहचानिए तथा उनके सही नाम दी गई जानकारी की मदद से उनके पास खीची गई रेखाओ पर लिखिए।

Scanned by CamScanner

(A) स. रा. अमेरिका का मुख्य औद्योगिक क्षेत्र


(B) भूमध्य सागरीय कृषि का प्रमुख क्षेत्र

(C) क्षेत्रफल की दृष्टि से उत्तरी अमेरिका का सबसे बड़ा देश

(D) प्रमुख समुद्री पत्तन ________

(E) प्रमुख वायु पत्तन ________

Scanned by CamScanner




The territorial waters of India extend into the sea to a distance of twelve nautical miles measured from the appropriate base-line.
The External Boundary and Coast-line of India shown on this map agree with the Record / Master Copy certified by the Survey of India, Dehra Dun, Vide their letter No. T.B. 1358/62 A-3/A 1st.

Published by : VIDYA M

Scanned by CamScanner